# द्वादश सत्र का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन शंखनाद 2022 मे 4 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन ने रचा नया इतिहास

## कठिन परिश्रम नेक इरादे सफलता की कुंजी है

## अथक प्रयासों से मिली सफलता शंखनाद में गूंजी है...

सफलता के इसी विहंगम नाद को साकार करते हुए त्रिदिवसीय राष्ट्रीय महिला अधिवेशन शंखनाद 2022 भारत की शैक्षणिक नगरी कोटा राजस्थान में 9-10-11 अक्टूबर 2022 को अत्यंत हर्ष उल्लास से संपन्न हुआ। कोटा के लैंड मार्क कुन्हाड़ी क्षेत्र में सद्गुण सभागार में आयोजित अधिवेशन सफल रहा, अभिप्रेरक रहा ,नाम के अनुरूप शंखनाद के सुखद अहसास से संकल्पित रहा जिसमें नेपाल चैप्टर सहित 27 प्रदेश संपूर्ण भारतवर्ष देश विदेश से बृहद संख्या में पधार कर समस्त सदस्यों, बहनों, मातृ शक्ति युवा शक्ति ,महासभा तथा युवा संगठन के सभी पदाधिकारी तथा सामाजिक बंधुओं स्वजनों की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती आशा महेश्वरी एवं महामंत्री मंजू बांगड़ के नेतृत्व में अधिवेशन की सुंदर परिकल्पना बनी जिस को साकार करने में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ज्योति जी राठी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शेला जी कलंत्री, कार्यालय मंत्री मधु जी बाहेती के साथ स्वागत अध्यक्ष ममता जी मोदानी स्वागत मंत्री किरण जी मानधना की प्रमुख भूमिका रही। आयोजक व संयोजक माहेश्वरी महिला मंडल कोटा की अध्यक्ष सौ. रितु मूंदड़ा ,सचिव सौ. प्रीति राठी ,कोटा जिला अध्यक्ष सौ.विनीता लाहोटी सचिव सौ.भारती डागा, कुन्हाड़ी महिला मंडल के अध्यक्ष सौ.अर्चना शारदा, सचिव सौ.कल्पना लड्ढा, पूर्वी राजस्थान प्रदेश की अध्यक्ष सौ.कुंती मूंदड़ा मंत्री सौ. मंजू भराड़िया एवं महेश्वरी नवोदिता मंडल कोटा तथा टीम के सामूहिक प्रयासों ने अनुष्ठान की भांति आयोजित कर अधिवेशन को संपूर्णता प्रदान की। जिस में पश्चिमांचल उपसभापति श्री राजेश जी बिरला व कोटा समाज, एलन ग्रुप से श्री गोविंद जी, श्री राजेश जी, श्री नवीन जी, श्री बृजेश जी माहेश्वरी, श्री बद्री विशाल जी महेश्वरी, माहेश्वरी रिसोर्ट परिवार का उल्लेखनीय योगदान रहा। संस्कार ,संस्कृति, परंपरा ,पारिवारिक तथा नैतिक मूल्यो से समाहित कार्यक्रमों का समावेश रहा जिसमें सभी समिति प्रमुख, दसों राष्ट्रीय समिति प्रभारी, सह प्रभारी ने अपनी समितियों के माध्यम से इतने सुंदर कार्यक्रम आयोजित किए 5G गाय गंगा ग्राम गीता गोविंद पर प्रकृति संरक्षण जीवन रक्षण, कर्म सारथी 2022 क्विज कंपटीशन, शरद पूर्णिमा पर शरद रास माधुर्य लीला आयोजन, प्रसिद्ध मंदिरों की झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा, साहित्य में रुचि रखने वाली बहनों के द्वारा जागृति कवियत्री मंच, नारी सशक्तिकरण का उदाहरण देती युवा नारी शक्ति कौन बनेगी मणिकर्णिका ,समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करके स्वस्थ परंपराओं के लिए प्रयास करने हेतु लघु नाटिकाओ का मंचन सभी अप्रतिम , उद्देश्य पूर्ण, सार्थक रहा जिसमें पांचों अंचल के सभी प्रतिभागियों की सहभागिता प्रशंसनीय रही। कंप्यूटर समिति द्वारा ATM (any time margdarshan)-info desk संगठन की विस्तृत जानकारी तथा तकनीकी समस्याओं का सहायता केंद्र भी अधिवेशन में नियमित रूप से संचालित रहा ।मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्म कुमारी बहन पूनम जी गट्टानी ने तनाव मुक्त जीवन जीने की कला को बताया। सशक्त नारी समृद्ध समाज सार्थक करते हुए महिलाओं

को रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु अखिल भारतीय महिला सेवा ट्रस्ट द्वारा एग्जिबिशन का आयोजन किया गया जिसकी उद्घाटन करता श्रीमती डॉक्टर अमिता जी बिरला तथा श्रीमती सूरज जी बिरला थी। कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद कर भगवान उमा महेश के पूजन तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में अति सम्माननीय अतिथि गण श्री श्रीनिवास जी मोदानी, श्रीमती सविता जयनारायण जी पटवारी , श्री राजेंद्र कुमार जी बांगड़ श्री कमल किशोर जी राठी श्री जुगल किशोर जी कलंत्री के साथ सत्कार मूर्ति श्री रामेश्वर लाल जी तथा मां रत्नीदेवी काबरा श्री संदीप जी काबरा श्री गोविंद जी माहेश्वरी , कार्यक्रम अध्यक्ष आशा जी महेश्वरी ने पांचों अंचल से समाज की विशिष्ट महिलाओं को जिन्होंने केवल समाज ही नहीं राष्ट्र में अपना परचम लहराया ऐसी विभूतियों को 8 सशक्त महिला सम्मान तथा 6 किशोरी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय ओम कृष्ण जी बिरला अध्यक्ष लोक सभा ने पधार कर तथा उद्घाटन करता पद्मभूषण राजश्री जी बिरला चेयरमैन बिरला ग्रुप ने वर्चुअली उपस्थित होकर महेश्वरी समाज को संबोधित कर सब का मनोबल बढ़ाया। बच्चों ने झांझ बजाकर स्वागत करते हुए अमृत महोत्सव पर सुंदर प्रस्तुति दी तथा नवोदिता मंडल ने शिव वंदना नृत्य प्रस्तुति द्वारा सबके मन को लुभाया। इस अवसर पर महासभा के सभापति श्री श्याम सुंदर जी सोनी तथा पूर्व सभापति श्री रामपाल जी सोनी ,श्री एस एन चांडक जी, श्री राजेश कृष्ण जी बिरला ने सारगर्भित उद्बोधन दिया। राष्ट्रीय महामंत्री मंजू बांगड़ द्वारा अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के द्वादश सत्र के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी द्वारा प्रस्तुत की जिसको सभी ने करतल ध्वनि से सराहा। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गीता जी मूंदड़ा एवं श्रीमती विमला जी साबू के सामाजिक योगदान हेतु राष्ट्रीय स्तर से अभिनंदन किया गया। श्रीमती मधु जी बाहेती द्वारा राष्ट्रीय स्मारिका सोपान के प्रथम पृष्ठ का अनावरण करवाया गया। अखिल भारतीय महिला सेवा ट्रस्ट की पत्रिका समन्वय 3 का विमोचन कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती गीता जी मूंदड़ा सचिव श्रीमती ललिता जी मालपानी एवं टीम ने करवाया। संगठन में शक्ति है। कर्मण्ए वाधिकारस्ते की भक्ति है जिस से जुड़कर सभी बहनों के सामूहिक प्रयासों से राष्ट्रीय महिला संगठन ने द्वादश सत्र के कार्यकाल में 6 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड तो बनाए परंतु त्रिदिवसीय अधिवेशन के इन 3 दिनों में 4 स्वर्णिम विश्व कीर्तिमान और बनाए जो अपने आप में बेजोड़ हैं अभूतपूर्व है। पहला- ग्राम विकास एवं राष्ट्रीय समस्या निवारण समिति द्वारा एक साथ 1200 लोगों ने अन्नबचाओ संकल्प को सामूहिक शपथ ग्रहण द्वारा प्राप्त किया । दूसरा- विवाह गठबंधन समिति 20781 से अधिक बायोडाटा का आदान-प्रदान किया गया था। तीसरा -शरद पूर्णिमा की बेला में शरद रास के उपलक्ष में 1400 लोगों ने एक साथ महा आरती कर विश्व रिकॉर्ड बनाया और चौथा- बृहद शोभा यात्रा के उपलक्ष में प्राप्त हुआ। *इस शुभ अवसर पर कोटा में महेश्वरी गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण हुआ जिसमें अन्नपूर्णालय अखिल भारत वर्षीय महिला संगठन द्वारा निर्मित किया गया जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।

इस तीन दिवसीय शंखनाद 2022 का आगाज जिस भव्यता के साथ किया गया था उसी भव्यता से समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ।समापन समारोह में मुख्य अतिथि महारानी कल्पना देवी जी विधायक, अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती आशा महेश्वरी ने की। कार्यक्रम में पुरस्कार प्रायोजक युवा संगठन अध्यक्ष श्री राजकुमार जी काल्या, विशिष्ट अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति महेश्वरी, सभापति महासभा श्री श्यामसुंदर जी सोनी ,श्री राजेश कृष्ण जी बिरला, प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम जी लाठी व प्रदेश मंत्री श्री महेश चंद्र जी अजमेरा सहित कई गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में सफल

आयोजन, योजनाबद्ध पूर्ण हुए कार्यक्रमों की शुभकामनाएं राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी महेश्वरी एवं समस्त केंद्रीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का हजारों की संख्या में कोटा आना और ऐतिहासिक आयोजन करना गौरव की अनुभूति करवाता है ।साथ ही आयोजक मंडल द्वारा पिछले कई महीनों से इसकी तैयारी करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया और कोरोना के बाद इस कार्यक्रम का पूरा होना अपने आप में इसकी प्रासंगिकता को बढ़ाता है। समापन समारोह में विभिन्न समितियों और उनके पदाधिकारियों को दुपट्टा माला देकर सम्मानित किया गया तथा विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को मंच पर सर्टिफिकेट एवं प्राइस देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में आयोजक समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मंच पर सम्मान किया गया। प्रदेश तथा स्थानीय मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी महेश्वरी को एवं कार्यालय मंत्री श्रीमती मधु जी बाहेती को प्रशंसा लिखित विशाल मोमेंटो भेंट किया जिसका वाचन राष्ट्रीय महामंत्री मंजू बांगड़ ने किया।

इस ऐतिहासिक अधिवेशन की सफलता हेतु समस्त केंद्रीय पदाधिकारी ,संरक्षक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गीता जी मूंदड़ा, श्रीमती विमला जी साबू, श्रीमती शोभा जी सादानी ,श्रीमती सुशीला जी काबरा, श्रीमती कल्पना जी गगरानी, का मार्गदर्शन प्रभावी रहा।

सभी उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों उपाध्यक्ष- ममता जी मोदानी, मंगल जी मरदा, किरण जी लड्ढा, कलावती जी जाजू,

संयुक्त मंत्री- गिरजा जी सारडा, सविता जी पटवारी, उषा जी करवा, शशि जी नेवर, पुष्पा जी तोषनीवाल का विशेष सहयोग मिला।

हमारी शिल्पकार दसों समितियों के राष्ट्रीय प्रभारी नम्रता जी बियानी, प्रेमा जी झवंर, शिखा जी भदादा, उषा जी मोहंता, निर्मला जी मारू ,शर्मिला जी राठी, उर्मिला जी कलंत्री ,मंजू जी मानधना, पुष्पा जी सोमानी, अरुणा जी लड्ढा एवं सभी सहप्रभारी, सभी राष्ट्रीय कार्यसमिति, समस्त कर्मठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, एवं संगठन की टॉप टू बॉटम टीम का प्रत्येक सदस्य बधाई का पात्र है जिनकी कर्म यात्रा ने इस अधिवेशन की सफलता को पूर्णता चरितार्थ किया और सशक्त नारी समृद्ध समाज के द्वारा उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया

**दिन बीत जाते हैं कहानी बनकर**

**यादें रह जाती है निशानी बनकर**

**ऐसी कुछ ऐतिहासिक कहानी बनी है कोटा के अधिवेशन में...**

**आशा के साथ नाद जब उद् घोषित हुआ**

**मंजुल सी उर्जा का बृहद संचार हुआ**

**शैल सी कर्मठता पर उत्साह की ज्योति जली**

**तभी तो शंखनाद 2022 अधिवेशन में सफलता के मधु का संचार हुआ।**

**जय उमा महेश**

9-10-11 अक्टूबर को कोटा महिला महा अधिवेशन शंखनाद 2022 में सशक्त महिला सम्मान एवं किशोरी प्रतिभा सम्मान हेतु आंचलिक स्तर पर प्राप्त विभिन्न नामों में से राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए निर्णय अनुसार सम्मानार्थ सूची इस प्रकार है...

सशक्त महिला सम्मान

श्रीमती रचना राठी- पूर्वांचल

श्रीमती प्रतिभा रान्दड- उत्तरांचल

श्रीमती सुधा गांधी- मध्यांचल

श्रीमती आरती डागा- दक्षिणांचल

श्रीमती सविता राठी- पश्चिमांचल

किशोरी प्रतिभा सम्मान

आरना अटल- पूर्वांचल

प्रज्ञा माहेश्वरी- उत्तरांचल

भाविका माहेश्वरी- मध्यांचल

कलश भैया -दक्षिणांचल

गौरी माहेश्वरी -पश्चिमांचल

आप सभी को हार्दिक बधाई

कृपया कोटा पहुंच कर अपनी उपस्थिति द्वारा उक्त कार्यक्रम को सार्थक करें????

आशा महेश्वरी राष्ट्रीय अध्यक्ष

मंजु बांगड़ राष्ट्रीय महामंत्री

ज्योति राठी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

शैला कलंत्री राष्ट्रीय संगठन मंत्री

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

सशक्त महिला सम्मान तीन नाम कोटा से और हैं..

सुनीता जी डागा

डॉ मीनाक्षी शारदा

मधु जी नुवाल

किशोरी प्रतिभा सम्मान में कोटा से एक नाम और है..

अंजली बिरला